राजस्व लोक अदालत
न्याय आपके द्वार-2017''

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी डूंगला, जिला चितौडगढ़
पीठासीन अधिकारी कॉर्ट कैम्प रावतपुरा – श्री गोपाल परिहार , आर.ए.एस.

दिनांक 23.5.2017

प्रकरण संख्या 01/2017 अपील

1. श्रीमती प्रेम कुंवर पत्नी श्री डूंगर सिंह राजपूत निवासी गौडों का खेडा तहसील डूंगला जिला चित्तौड़गढ़।

................अपलीलान्ट

।। बनाम ।।

1. श्री भूमिधारी तहसीलदार डूंगला जिला चित्तौड़गढ़।

...........रेस्पोडेन्टस

अपील विरूद्व अन्तर्गत धारा 75 एल.आर.एक्ट 1956 नामान्तरण आदेश संख्या 147 दिनांक 23.05.1990 ग्राम पंचायत बडवाई अन्तर्गत।

उपस्थितीः–
अपीलाण्टस की ओर से अधिवक्ता : श्रीमती लीला जाट
रेस्पोडेण्टस की ओर से : तहसीलदार डूंगला

दिनांक 23.05.2017

निर्णय

अपीलार्थी की ओर से वकील श्री लीला जाट ने राजस्व लोक अदालत कॉर्ट कैम्प ग्राम पंचायत मुख्यालय रावतपुरा में अपील प्रस्तुत कि प्रस्तुत अपील बाद जांच दर्ज रजिस्टर की गई। रेस्पोडेन्टस भूमिधारी से जवाब लिया गया। भूमिधारी द्वारा पटवार हल्का रावतपुरा से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम लाम्बीचोटी के खाता संख्या 59 आ.नं. 111 रकबा 1.08 हैक्टयर भूमि श्री भंवर सिंह, उंकार सिंह, बलवंत सिह पिता मानसिंह व प्रेम कुंवर बैवा मानसिंह राजपूत सा.गौड़ो का खेडा के नाम दर्ज रिकॉर्ड है। ग्राम लाम्बीचोटी के नामान्तरण संख्या 147 दिनांक 23.05.1990 से श्री मानसिह पिता गुलाब सिंह की विरासत से मानसिह के बजाय श्री भंवर सिंह, उंकार सिह, बलवंत सिह पिता मानसिंह व प्रेम कुंवर बैवा मानसिंह राजपूत दर्ज हुआ है ग्राम लाम्बीचोटी के नामान्तरण संख्या 147 दिनांक 23.05.1990 का अवलोकन करने से पाया गया कि नामान्तरण संख्या 147 दिनांक 23.05.1990 में दर्ज प्रेम कुंवर पत्नी डूंगर सिंह को स्वीकृत कर दिया गया था, किन्तु बाद में डूंगर सिह के स्थान पर मानसिंह दर्ज कर दिया गया जो गलत है जबकि प्रेम कुंवर के पति का नाम डूंगर सिंह है मान सिह प्रेम कुंवर के ससुर का नाम है। ग्राम पंचायत रावतपुरा के प्रमाण पत्र अनुसार श्री मानसिंह पिता गुलाब सिंह के चार पुत्र है क्रमशः भंवर सिंह, उंकार सिंह, बलवंत सिंह व डूंगर सिंह है। इन चारों भाईयों में से डूंगर सिंह का स्वर्गवास हो गया इनके एक पुत्री बेबी कुंवर व पत्नी प्रेम कुंवर मौजूद है।

उपखण्ड अधिकारी,

FROM NO. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिथिल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	में भी प्रार्थीया का नाम प्रेम कुंवर पत्नी डूंगर सिंह दर्ज है। इसी प्रकार परिवार राशन कार्ड में भी प्रार्थीया का नाम प्रेम कुंवर पत्नी डूंगर सिंह दर्ज है। विद्वान अधिवक्ता अपीलान्ट की ओर से बहस सूनी गई। अपील मेमों में वर्णित तथ्यों को दौराते हुए ग्राम लाम्बीचोटी पटवार हल्का बडवांई के खाता संख्या 59 आराजी नं. 111 रकबा 1.08 हैक्ट. भूमि में प्रेम कुंवर पत्नी मानसिंह राजपूत की जगह प्रेम कुंवर पत्नी डूंगर सिंह दर्ज कराया जाने का आदेश प्रदान फरमाया जावे। एवं इन्तकाल नम्बर 147 दिनांक 23.5.1990 खारिज फरमाया जावें। पत्रावली पर उपलब्धं साक्ष्य एवं अभिलेख का अवलोकन किया गया वकील अपीलान्ट की बहस पर मनन किया गया रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य अनुसार ग्राम लाम्बीचोटी पटवार हल्का बडवाई के खाता संख्या 59 आराजी नं. 111 रकबा 1.08 हैक्ट. में प्रेम कुंवर बैवा मानसिह राजपूत की जगह प्रेम कुंवर पत्नी डूंगर सिह दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट स्वीकार किया जाकर नामांतरण संख्या 147 दिनांक 23.05.1990 को निरस्त किया जाता है तथा तहसीलदार डूंगला को प्रति प्रेषित कर निर्देश दिया जाता है कि मृतक श्री डूंगर सिंह के विधिक वारिसान की जांच कर पुनः नियमानुसार नामान्तरण अमल दरामद किया जावें। निणर्य सरे ईजलास लिखाया जाकर सुनाया गया व इसी आशय की तहरीर तहसीलदार डूंगला को जारी हो। 23/05/17 उपखण्ड अधिकारी डूंगला केम्प - रावतपुरा	